# <u>निरीक्षण आख्या</u>

# जनपद – ललितपुर
# दिनांक– 21.09.2016 से 23.09.2016

**भ्रमणकर्ता टीम –**

1. डा0 एम0 आर0 गौतम, महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय कार्यक्रम
2. अभय द्विवेदी, तकनिकी परामर्शदाता, एन0सी0डी0
3. मोहम्मद फिरोज, प्रोग्राम कोआर्डिनेटर, आर0बी0एस0के0।

## जिला महिला अस्पताल –ललितपुर

- दिनांक 22.09.2016 को प्रातः 9:30 बजे जिला महिला चिकित्सालय में डा0 हरेन्द्र सिंह चौहान, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सालय में उपस्थित थे। टीम द्वारा डा0 खेम चन्द्र–ऐनेस्थेटिस्ट, जो विभाग द्वारा पुर्ननियुक्त पर है, के साथ चिकित्सालय का भ्रमण किया गया। सफाई व्यवस्था संतोषजनक थी। वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था थी एवं सुरक्षा कर्मी भी तैनात थे। पी0ए0 सिस्टम क्रियाशील था। सिटिजन चार्टर एवं प्रचार प्रसार सामग्री प्रदर्शित थी।
- ब्लड बैक में श्री वी0एम0 शाद–एल0टी0 उपस्थित थे। ब्लड बैक में 100 यूनिट ब्लड उपलब्ध था। ब्लीडिंग कक्ष में दो ब्लीडिंग टेबल थी एक का हाइड्रोलिक सिस्टम दो माह से कार्य नही कर रहा था। ब्लीडिंग कक्ष में उपलब्ध इमरजेन्सी ट्रे में जीवन रक्षक दवायें उपलब्ध थी। ट्रे में एक भी सीरिजं नही थी पुछे जाने पर अलमारी से ए0डी0 सिरिंज दिखायी गयी, जिसका उपयोग सिर्फ टीकाकरण में होता है। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि कर्मचारियों का संवेदीकरण नही किया गया था एवं पर्यवेक्षण का अभाव है। इन्जेक्सन डाइसाइलोमिन की इक्सपाइरी हो चुकी थी तथा कुछ दवाओं की इक्सपायरी इसी माह थी, जिसके लिये सम्बन्धित स्टाफ को फस्ट इन एण्ड फस्ट आउट की जानकारी दी गयी। दवाओं का इक्सापयरी रजिस्टर उपलब्ध नही था, स्टाफ बुक भी नही थी।
- ब्लड बैंक मे पर्याप्त लाजिस्टिक उपलब्ध थे।
- काउन्सलिंग कक्ष में कु0 प्रतिभा पाण्डेय–काउन्सलर उपस्थित थी। काउन्सलिंग की पर्याप्त जानकारी थी। उन्होंने अवगत कराया कि माह जून से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है।
- **एलिजा रीडर मशीन एच0आई0वी0 जॉच हेतु उपलब्ध है लेकिन कार्य नही कर रही है। इस मशीन सी0एम0सी0 भी नही है।**
- चिकित्सालय में प्रतिमाह लगभग 450 से 500 प्रसव कराये जाते हैं।
- **प्रसव कक्ष में पुराना प्रसव रजिस्टर इस्तेमाल किया जा रहा है। रजिस्टर भी पूर्ण रूप से भरा हुआ नही पाया गया।**
- सभी स्टाफ नर्स एस0बी0ए0 प्रशिक्षित थी। मात्र 4 स्टाफ नर्स एन0एस0एस0के0 प्रशिक्षित थी।
- प्रसव कक्ष में 07 ट्रे उपलब्ध थी।
- स्टरलाइजेशन रजिस्टर बना हुआ था, **परन्तु अपडेट नही था।**
- प्रसव कक्ष के अन्दर सफाई अच्छी थी एवं प्राइवेसी का ध्यान रखा गया था।
- प्रसव कक्ष में प्रोटोकाल पोस्टर प्रदर्शित थें। वेस्ट मैनेजमेंन्ट की व्यवस्था थी।
- लाभार्थी को जे0एस0एस0के के अन्तर्गत भोजन उपलब्ध कराया जा रहा था।
- पी0एन0सी0 वार्ड में लाभार्थियों ने बताया कि नवजात शिशु को टीके लग गये है तथा स्तनपान की जानकारी दी गयी थी।
- किशोरी काउन्सलिंग कक्ष मे काउन्सलर–सुश्री रश्मि श्रीवास्तव उपस्थित थीं। पोस्टर डिस्पले थे। निरीक्षण के समय तक एक रोगी को सलाह दी गयी थी।

- ए0एन0सी0 क्लीनिक में डा0 नज़्मा उपस्थित थीं, निरीक्षण के समय 10 महिलाओं का परीक्षण किया जा चुका था उनके द्वारा वी0पी0 एवं वजन की जॉच करने के बाद अन्य जॉच हेतु पैथोलाजी में भेजा जा रहा था।
- पैथोलाजी कक्ष में भीड़ बहुत ज्यादा थी। **एक एल0टी0 द्वारा कार्य करने में कठिनाई आ रही थी।** उपलब्ध संसाधनो में व्यवस्थित करने के निर्देश दिये गये।
- स्टोर में दवायें पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थी एवं व्यवस्थित थी। कार्यक्रमों में एन0एच0एम0 के अन्तर्गत उपलब्ध करायी गयी दवायें तथा राज्य बजट से उपलब्ध दवाओं का अंकन एक ही स्टाक बुक में था।
- चीफ फार्मासिस्ट को दवाओं के आवंटन के सम्बन्ध में राज्य स्तर से उपलब्ध निर्देशों एवं गत वर्ष की उपलब्धियों के अनुरुप कार्य करने हेतु सुक्षाव दिया गया।
- एस0एन0सी0यू0 में 14 बच्चे भर्ती थे।
- एस0एन0सी0यू0 में 2 डाक्टर कार्यरत है तथा उनके द्वारा अवगत कराया गया कि 2 पद रिक्त है।
- नोडल डाक्टर एस0एन0सी0यू0 द्वारा सेन्ट्रल आक्सीजन की मांग की गयी। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि कभी कभी बिजली चले जाने के बाद जनरेटर चलाने में देरी हो जाती है या जनरेटर में समस्या आ जाने से बच्चों के केयर में समस्या आती है।
- एस0एन0सी0यू0 के 8 स्टाफ नर्स कार्यरत थी।
- इकाई में साफ सफाई बहुत अच्छे स्तर की थी।






**एस0एन0सी0यू**

## अरबन पी0एच0सी0 –गोविन्द नगर ललितपुर

- इकाई में डा0 आजाद, संविदा चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।
- 11 ए0एन0एम0 कार्यरत है जबकि उनके द्वारा बताया गया कि **अरबन पी0एच0सी0** नेहरु नगर पर केवल 1 ए0एन0एम0 कार्यरत है।
- इस क्षेत्र में दो अर्बन आशाओं का चयन हो चुका है एवं उनका प्रशिक्षण भी हो चुका है।
- साफ सफाई की अच्छी व्यवस्था थी।
- आई0एफ0ए0 की गोली उपलब्ध नही थी।
- आई.ई.सी. पर्याप्त मात्रा में प्रदर्शित थे।
- अरवन हेल्थ कोआर्डिनेटर को क्षेत्र का प्रोफाइल मैप बनाने तथा रोस्टर चार्ट बनाने के निर्देश दिये गये।

- इकाई पर तैनात सभी ए0एन0एम0 ने अवगत कराया कि वैक्सिन लेने उनको जिला अस्पताल जाना होता है अर्बन नोडल को वैक्सिन अर्बन पी0एच0सी0 पर ही उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया तथा निर्देशित किया गया कि जिला प्रतीरक्षण अधिकारी के साथ समन्वय कर समुचित व्यवस्था करायें।




टीकाकरण सत्रः— भोजपुरा, उपकेन्द्र — बुड़वार

- ए0एन0एम0 अकलवती एवं एल0एच0वी0 मीरा वर्मा द्वारा क्षेत्र में टीकाकरण किया जा रहा था। एल0एच0वी0 ने बताया कि इस क्षेत्र की ए0एन0एम0 की सेवानिवृत्त हो गयी है दूसरे उपकेन्द्र की ए.एन.एम. से बच्चों का टीकाकरण कराया जा रहा हैं।
- ए0एन0एम0 के पास सभी वैक्सिन उपलब्ध थे। केवल दो पैन्टावेलेन्ट के टीके लगाये गये थे।
- ए0एन0एम0 के पास डिजीटल बी0पी0 मशीन, प्रगनेन्सी जॉच किट, आयरन की गोली उपलब्ध थी उसके पास **MUAC टेप उपलब्ध नही था तथा वैक्सीन जीपर बैग में नही था।**
- आशा एवं आंगनवाड़ी अनुपस्थित थी उनके द्वारा अवगत कराया गया कि वे हड़ताल पर है।

## नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बुड़वार ललितपुर।

- इकाई पर डा0 जे0आर0 वर्मा, एम.ओ.सी.एच. उपस्थित थे, ओ.पी.डी. में 29 रोगी देखे गये थे।
- डा0 वर्मा को आर.के.एस0 के बारे में विशेष जानकारी नहीं थी, उन्होने अवगत कराया कि इस धनराशि का उपयोग ब्लॉक सी0एच0सी0 के माध्मय से कराया जाता है। गत वर्ष की धनराशि कैम्पस में टाइल लगाने तथा विद्युत वायरिंग में खर्च की गयी है।
- एक माह से विद्युत वाधित होने के कारण इंवर्टर भी कार्य नहीं कर रहा है, पानी की आपूर्ति बाधित है।
- फार्मासिस्ट को जिला चिकित्सालय सम्बद्ध कर दिया गया है।
- पी.एस.सी. पर टीकाकरण भी नहीं होता है, जबकि इकाई पोटेनशियल है, सप्ताह में एक बार एक टीकाकरण शर्त कराने हेतु निर्देशित किया गया है।
-

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विरधा ललितपुर।

- प्रभारी चिकित्सक डा0 श्याम सिंह उपस्थित थे।
- इकाई पर लगभग 140—150 प्रसव प्रतिमाह कराये जाते है।

- साफ सफाई की अच्छी व्यवस्था थी।
- प्रसव कक्ष के अन्दर सफाई अच्छी थी।
- प्रसव कक्ष में प्रोटोकाल पोस्टर की कमी थी जिसको लगाने के सुझाव दिये गये।
- लाभार्थी को जे0एस0एस0के के अन्तर्गत डाइट उपलब्ध कराया जा रहा था।
- माह अप्रैल से अगस्त 2016 तक 1033 प्रसव कराये जा चुके है जिसमें 877 लाभार्थियों का भुगतान किया जा चुका है। अवशेष के लिये प्रभारी ने अवगत कराया कि आशाओं की हड़ताल के कारण पेमेण्ट मे बाधा आ रही है।
- आशा की कलस्टर मिटिंग रजिस्टर में मीटिंग मिनट विधिवत नही लिखे गये थे।
- बी0एच.एस.एन.सी. की रिपोर्ट ब्लाक स्तर पर नही बनायी जा रही है।
- ब्लाक स्तर पर एम.सी.टी.एस. की समीक्षा नही की जा रही है।
- आर.बी.एस.के. टीम का भ्रमण कार्य संतोषजनक नहीं है। टीम ए0 द्वारा दिनांक 22.06.2016 को 173 बच्चों तथा टीम बी0 द्वारा 130 बच्चों का परीक्षण किया गया। टीम के सदस्यो द्वारा अवगत कराया गया गया कि प्रातः 9.30 बजे फील्ड में गये तथा अपरान्ह 1.30 पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर वापस आ गयें। सुक्षाव दिया गया कि क्षेत्र में स्वास्थ्य परीक्षण में पर्याप्त समय दिया जाये तथा कार्यक्रम के सघन पर्यवेक्षण की आवश्यकता है।
- टीम के पास इक्यूपमेंन्ट मानक के अनुसार उपलब्ध नही थे।
- एन0आर0सी0 भ्रमण के दौरान 1 सैम बच्चा भर्ती था। स्टाफ द्वारा बताया गया कि आशा एवं आंगनवाड़ी की हड़ताल के कारण बच्चें नही आ पा रहें है।
- ब्लाक स्तर पर टी.बी. कार्यक्रम तथा वेक्टर वार्न का पैसा ट्रान्सफर अभी नही किया गया है। जिसके कारण डाट्स प्रोवाइडर के पैसे का भुगतान नही किया गया है। ब्लाक एकाउन्ट मैनेजर का निर्देशित किया गया कि जिला एकाउन्ट मैनेजर से समन्वय कर पैसे का भुगतान सुनिश्चित करायें।
- इकाई पर लैब में श्री मान सिंह संविदा एल0टी0 उपस्थित थे। निरीक्षण के समय 17 जॉचे की गयी थी। लैब में दो माइक्रोस्कोप उपलब्ध थे। सफाई व्यवस्था अच्छी थी सारा सामान व्यवस्थित था। सभी आवश्यक रिजेन्ट, ग्लूकोमीटर, सेन्ट्रीफ्यूज मशीन क्रियाशील थी।
- कोल्ड चेन कक्ष में चार डीफ्रिजर तथा एक आई0एल0आर0 था। एक डीफ्रिजर क्रियाशील नही था। दो स्टेबलाइजर कार्य नही कर रहे थे। लागबुक अद्यतन थी। सम्पूर्ण कोल्ड चेन व्यवस्था महिला प्रवेक्षक द्वारा देखी जा रही थी।
- जे0एस0वाई0 वार्ड में 10 रोगी भर्ती थे जिसमें 07 रोगी एम्बूलेन्स से लाये गये थे वार्ड में टी0वी0 लगा हुआ था।
- 108 एम्बुलेन्स यू0पी041 जी 1229 की जॉच की गयी जिसमें सेक्शन मशीन कार्य नही कर रही थी इ0एम0ई को फोन कर जल्द सुधारने का निर्देश दिया गया एवं उनके द्वारा तत्काल ठीक कराने का आश्वासन दिया गया। एम्बूलेन्स में आक्सीजन, बी.पी0 मशीन, पल्स आक्सीमीटर, मेडीसीन, स्पलिन्ट, बैन्डेज उपलब्ध थे तथा पी0सी0आर0 रजिस्टर भरा जा रहा था।






"108" एम्बूलेन्स

## <u>उपकेन्द्र, सेरवास कला, तालबेहट ललितपुर।</u>

- ए0एन0एम0 यशवन्त जैन तथा आशा रचना एवं रचना योगी उपस्थ्ति थी।
- उपकेन्द्र, पर माह अगस्त में 3 प्रसव कराये गये।
- साफ सफाई अच्छी थी।
- उपकेन्द्र पर रनिंग वाटर नही था।
- **बेबी वजन मशीन खराब थी।**
- हैण्डपम्प क्रियाशील था।

## <u>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट –ललितपुर</u>

- इकाई पर इंचार्ज चिकित्सा अधीक्षक उपस्थित थे, उन्होनें अवगत कराया कि प्रतिमाह 200 से 250 प्रसव कराये जाते है।
- सिटिजन चार्टर एवं सुझाव पेटिका उपलब्ध थी।
- सीवियर ऐनिमिया गर्भवती महिलाओं की लाइन लिस्टिंग नही की जा रही थी।
- परिसर में साफ सफाई की अच्छी व्यवस्था नही थी।
- स्टरलाइजेशन रजिस्टर बना हुआ था। परन्तु अपडेट नही था।
- प्रसव कक्ष के अन्दर सफाई अच्छी थी लेकिन वॉस वैशिन में एल.बो. टैप नही लगे थे जिसकों लगाने का सुझाव दिया गया।
- प्रसव कक्ष में प्रोटोकाल पोस्टर उपलब्ध थें। प्रसव कक्ष में डिजिटल घड़ी लगाने को सुझाव दिया गया।
- 7 ट्रे उपलब्ध थी ट्रे पर लेबलिग नही हुई थी।
- बेबी वार्मर कार्य नही कर रहा है जिसको सुधारने का सुझाव दिया गया।
- लाभार्थी को जे0एस0एस0के के अन्तर्गत डाइट उपलब्ध कराया जा रहा था। लाभार्थी सपना ने बताया सुबह नाश्ते में दूध ब्रेड एवं खाने में दाल रोटी उपलब्ध कराया गया था।
- वार्ड में सफाई का अभाव था तथा वेड पर चादरें बहुत गंदी थी जिसको तुरन्त बदलवाया गया तथा सुझाव दिया गया कि वार्ड में उचित सफाई व्यवस्था रखें।
- पी0एन0सी0 वार्ड के शौचालय में गंदगी पायी गयी। वॉस वैशिन टैप टूटा हुआ था जिसके लिये अधीक्षक को शौचालय में सफाई रखने तथा टैप लगाने का सुझाव दिया गया।
- वार्ड की खिड़की की जाली एवं शिशे टूटे हुए थे जिसको बदलने का सुझाव दिया गया।
- एन0आर0सी0 में 5 बच्चें भर्ती थे।

- आशा एवं जे0एस0वाई की पेमेंन्ट की स्थिति अद्यतन थी, जे0एस0वाई पेमेंन्ट 1515 में से 1370 लाभार्थियों का किया जा चुका है।
- आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा मूवमेंन्ट रजिस्ट्रर नही भरा जा रहा है। आर0बी0एस0के0 टीम के पास कोई रेफरल रजिस्ट्रर उपलब्ध नही था। टीम द्वारा लागबुक पर प्रतिदिन हस्ताक्षर नही किये जा रहे है।
- **रेफरल बच्चों की सूची टीम के पास उपलब्ध नही थी।**

